लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण शुक्ल पक्ष दशमी 02:51 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 253, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, शुक्रवार, 28 जुलाई 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO. 04 : RIGHT BOTTOM

एसआरएमएस में बेसिक कोर्स कार्यशाला का समापन

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मेडिकल एजूकेशन टेक्नोलॉजी पर मंगलवार को शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेजों के 30 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। नेशनल मेडिकल काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ. शरद अग्रवाल और मथुरा के कृष्णा मोहन मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नरेश कुमार प्रजापति भी शामिल हुए। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत) डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. जसविंदर सिंह और डॉ. संध्या चौहान ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान डॉ. नरेश प्रजापति, डॉ. पीएन भीसे, डॉ. रमाकांत रावत, डॉ. अनुज शर्मा, डॉ. निधि चौधरी, डॉ. घनश्याम चौधरी, डॉ. जीएस वर्मा, डॉ. पियूष कुमार, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. शिप्रा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।